भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक सच एक्सप्रेस

जनता की बुलंद आवाज

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-17 || अंक- 121 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || रविवार 13 सितंबर || 2026

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 51 सदस्यीय कार्यकारिणी सम्मानित

पेज 3 परिजनों के कंधों पर नदी पार कर स्कूल पहुंच रहे मासूम

पेज 4 विनायक चतुर्थी : गणेश जी को समर्पित उत्सव

पेज 5 नेशनल लोक अदालत संपन्न

पेज 6 परियानिका ने दिखाई भारत की गौरवशाली विरासत

सराफा बाजार का आज का भाव

13 सितंबर 2026

डालर $ 95.60

GOLD LIVE - 152720

हालमार्क ज्वैलरी रेट

24 KT-156760 ब्रेड

23 KT-150200

22 KT-144300

20 KT-131700

18 KT-119200

14 KT-91600

Silver Live - 235070

चांदी हाजिर 999- 238000

AG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)

सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल

Condition Apply

सच-संक्षेप

बंगाल उपचुनाव में वाम दल के कितने प्रत्याशी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में छह अक्तूबर को विधानसभा उपचुनाव कराए जाने हैं। उपचुनावों में वाम दल के प्रत्याशी भी किस्मत आजमा रहे हैं। सीपीआई (एम) ने रेजिनगर विधानसभा क्षेत्र से अधिवक्ता सईद असद अली को मैदान में उतारा है, जबकि सीपीआई ने नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र से शांति गोपाल गिरि को उम्मीदवार बनाया है।

बिहार भाजपा नेता राजीव ब्रह्मर्षि के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग

वैशाली। वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के अदलपुर मोहल्ले में बेखौफ अपराधियों ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष और हिंदू युवा संगठन के संरक्षक राजीव ब्रह्मर्षि के आवास को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। बाइक सवार दो बदमाशों ने भाजपा नेता के मकान पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। हालांकि, गनीमत रही कि घटना में परिवार का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं। वारदात के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

240 लोगों को लेकर निकला जहाज जावा सागर में लापता

बंजारमासिन। इंडोनेशिया में 240 लोगों को लेकर जा रहे एक यात्री जहाज का जावा सागर में संपर्क टूट गया है। इसके बाद रविवार को अधिकारियों ने जहाज की तलाश के लिए खोज और बचाव अभियान शुरू किया। विगोंर ट्रांसपोर्ट 8 नाम का यह जहाज पूर्वी जावा प्रांत के सुरबाया से बोर्नियो द्वीप के दक्षिण कालीमंतन प्रांत की राजधानी बंजारमासिन जा रहा था।

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक

सभी प्रकार की दुनाए प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता

सभी प्रकार के झन्डे, बैज, बैनर, टैग, स्टीकर, पोस्टर, न्यूज़लाईन बोर्ड, होर्डिंग्स, पार्टीवस्त्र एवं प्रिंटिंग वर्क हेतु पधारें

SHEELA शीला एड-मेकर्स

E-mail:sheelaadmakers@gmail.com
139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)
Tel./Fax: 0755-4012177,
Mob.:9301020777, 8889120777
GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal
Tel. 0755-4277938
www.sheelaadmakers.in

ओपन सेशन में पीएम मोदी का संबोधन

ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और अभूतपूर्व विश्वास का प्रमाण

नई दिल्ली || एजेंसी

ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक के बाद आज दूसरे दिन ओपन सेशन की शुरुआत हो चुकी है। ग्रुप फोटो में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन दोनों प्रधानमंत्री के साथ खड़े थे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए सभी देशों का विस्तारित ब्रिक्स परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज इस सभागार में अलग-अलग महाद्वीपों, संस्कृतियों और विकास की विविध यात्राओं का संगम हो रहा है, जो ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और अभूतपूर्व विश्वास का प्रमाण है। मोदी ने कहा कि दुनिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है और इसका सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। महामारी, जलवायु आपदाओं और सप्लाई चेन में रुकावटों ने दिखाया है कि आज दुनिया के देश एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में किसी एक जगह आने वाला संकट दूसरे देशों को भी प्रभावित कर सकता है। पीएम ने आगे कहा कि इसी वजह से भारत ने ब्रिक्स देशों को ऐसे संकटों से निपटने के लिए पहले से तैयार रखने पर खास जोर दिया है। इसके तहत संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोकने और उनसे निपटने के लिए 'ब्रिक्स इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम' बनाने पर सहमति बनी है।

पुतिन-मोदी की मुलाकात

दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया। दोनों नेताओं की यह मुलाकात ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हुई, जहां सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

इससे पहले

दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 के दूसरे दिन भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओपन सेशन में शामिल होने के लिए पहुंचने वाले नेताओं का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी-जनरल एंटोनियो गुटेरेस और दुनिया के कई दूसरे नेताओं का स्वागत किया. कज़ाकिस्तान के प्रेसिडेंट कासिम-जोमार्ट तोकायेव, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद उन लोगों में शामिल थे जिनका स्वागत किया।

मलयेशिया के पीएम से नाश्ते की टेबल पर मिले राहुल गांधी और प्रियंका

नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार सुबह मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ नाश्ते पर मुलाकात की। इस खास मुलाकात में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। पार्टी की ओर से साझा किए गए तस्वीरों और दृश्यों में दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरी बातचीत नजर आई। एक तस्वीर में राहुल गांधी मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से हाथ मिलाते और मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। राहुल गांधी और अनवर इब्राहिम की मुलाकात के दौरान माहौल काफी सहज और आत्मीय नजर आया।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में चार्जशीट तैयार

लखनऊ । राममंदिर के चढ़ावे की रकम चोरी के मामले में पुलिस की विवेचना निर्णायक दौर में पहुंच गई है। आठों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आरोपों की पुष्टि के लिए पर्याप्त साक्ष्य जुटा लेने का दावा करते हुए पुलिस ने करीब सात हजार पन्नों की केस डायरी तैयार कर ली है। 22 व 23 सितंबर को चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी है।चार्जशीट में आरोपियों के बयान से लेकर घटनास्थल और मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज, बरामद नकदी, वाहन, आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेजों तक को साक्ष्य के तौर पर शामिल किया गया है। पुलिस का फोकस अब इन सभी साक्ष्यों के आपसी मिलान और आरोपों की कड़ियों को जोड़ने पर है।जोन स्तर पर भी जांच के प्रमुख बिंदुओं की समीक्षा हो चुकी है। चार्जशीट दाखिल होने से पहले केस डायरी में शामिल साक्ष्यों की कानूनी मजबूती और आरोपियों की भूमिका को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शुरुआती जांच में मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर 27 अप्रैल से पांच जून के बीच 70 से अधिक बार चढ़ावे की रकम को छिपाने या निकालने की गतिविधियां सामने आने की बात कही गई थी।

सागर जहरीली शराब कांड

मुख्य आरोपी शिवांजय का भी हाफ एनकाउंटर

सच संवाददाता || सागर

सागर के बंडा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित जहरीली शराब कांड के मुख्य फरार आरोपी और 30 हजार रुपये के इनामी बदमाश शिवांजय राजपूत को सागर पुलिस ने रविवार तड़के एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बहरोल थाना क्षेत्र के कठुआ नाला के पास हुई इस कार्रवाई के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर तीन गोलियां चलाईं। इसके जवाब में पुलिस की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी शिवांजय राजपूत (21), निवासी ग्राम छापरी, धामोनी-बहरोल मार्ग से अपने घर जाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए

बांदरी थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह और बहरोल थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ तीन फायर किए। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायर किए गए, जिससे आरोपी घायल हो गया।पुलिस ने घायल आरोपी को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

घर जाने की फिराक में धरा गया शिवांजय

एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया कि,आज तड़के थाना बहरोल पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब कांड का आरोपी शिवांजय राजपूत थाना बहरोल क्षेत्र के कठुआ नाला के जंगल में, मुख्य मार्ग धामोनी- बहरोल तरफ से निकलकर अपने घर छापरी थाना बंडा जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम ने तत्काल एसपी एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया।एसपी के निर्देश पर बांदरी थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह को तत्काल मौके पर पहुंचने और आरोपित के थाना प्रभारियों को भी आवश्यक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए और इलाके की नाकाबंदी की गई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए बांदरी थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह और थाना बहरोल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।

इंदौर में जेन-जी को जोड़ रही कांग्रेस की स्पेशल टीम

इंदौर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। कार्यक्रम 17 से 19 सितंबर तक चलेगा। राहुल 19 सितंबर को इंदौर आएंगे और छात्रों से बातचीत करेंगे। इस संवाद से पहले सिंगर राघव चैतन्य, इंदौर के रैपर लश-करी और अमेरिकाज गॉट टैलेंट के विजेता डांस ग्रुप वी अनबीटेबल ड्रीम टीम प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में सबसे पहले राघव चैतन्य, फिर लश-करी परफॉर्मेंस देंगे। इसके बाद वी अनबीटेबल ड्रीम टीम एक्रोबेटिक और हिप-हॉप डांस से धमाल मचाएगी। इन कलाकारों को बुलाने के पीछे कांग्रेस की रणनीति युवाओं और जेन-जी तक अपनी पहुंच बढ़ाना है। राघव चैतन्य के इंस्टाग्राम पर करीब 1.80 लाख जबकि लश-करी के 4.98 लाख फॉलोअर्स हैं। राघव बॉलीवुड के चर्चित प्लेबैक सिंगर हैं। उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिल चुका है। लश-करी के परफॉर्मेंस का अंदाज युवाओं को बहुत चर्चित है। वी अनबीटेबल ड्रीम टीम हाई एनर्जी डांस के लिए दुनियाभर में पहचान बना चुका है। युवाओं के बीच पहुंच बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने इंदौर को 32 जोन में बांटा है।

मुंबई में तेज बारिश, सड़कें जलमग्न एयरपोर्ट के आसपास पानी भरा

शिमला के जंगल में लैंडस्लाइड

नई दिल्ली || एजेंसी

मुंबई और वसई-विरार में रात से तेज बारिश हो रही है। लगातार बारिश के कारण सायन के प्रतीक्षा नगर इलाका और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास पानी भर गया हैं। वहीं नालासोपारा में सेंटर पार्क और तुलिंज ब्रिज समेत कई सड़कें भी डूब गई हैं।हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित फांचा कांडे इलाके में बारिश के बीच जंगल का एक हिस्सा धंस गया। इससे दर्जनों देवदार के पेड़ गिर गए। मौसम विभाग ने हिमाचल में 18 सितंबर तक बारिश का अनुमान जताया है। इस मानसून सीजन राज्य में 296 लोगों की मौत और 520 लोग घायल हुए हैं। वहीं बिहार में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। 15 जिलों में करीब 48.22 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा सहित कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। भागलपुर में श्मशान घाट डूबने से सड़क किनारे चिताएं जल रही हैं। सुल्तानगंज में श्मशान घाट पानी से घिरकर टापू बन गया है। दानापुर में लोगों को कंधे तक पानी में उतरकर राशन लेने जा पड़ रहा है। ओडिशा में कम दबाव के क्षेत्र के कारण लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई जगह सड़कें और पुल डूब गए हैं। मलकानगिरी सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जहां 24 घंटे में 804 मिमी बारिश दर्ज की गई। उत्तराखंड के सभी जिलों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

लॉरी की टक्कर से ऑटो सवार तीन लोगों की मौत

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बुर्जा के पास उस समय हुई, जब एक लॉरी ने ऑटो-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा मनापुरम की ओर जाने वाले मार्ग पर हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। डीएसपी बोब्बिली आर. गोविंद राव ने हादसे में तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मनापुरम से आगे बुर्जा के पास तेज रफ्तार लॉरी और ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए। हादसे में ऑटो में सवार तीन लोगों की जान चली गई।



बदलाव || दुनिया की आधी जमीन पर बढ़ा गर्मी का मौसम

गर्मी का कैलेंडर बदला, अब अप्रैल-अक्टूबर भी तपेंगे

नई दिल्ली || एजेंसी

गर्मी अब सिर्फ मई, जून, जुलाई और अगस्त तक सीमित नहीं रह गई है। दुनिया के कई हिस्सों में अत्यधिक गर्म दिनों का सिलसिला गर्मियों की पारंपरिक सीमा से बाहर निकल रहा है। कहीं गर्मी शरद ऋतु तक खिंच रही है, तो कहीं वसंत में ही तेज गर्मी दस्तक दे रही है। यानी अप्रैल से अक्तूबर तक गर्मी का दायरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। 45 साल के वैश्विक मौसम आंकड़ों के नए विश्लेषण में सामने आया है कि दुनिया की करीब आधी भूमि पर अत्यधिक गर्मी का मौसम पहले के मुकाबले लंबा हो चुका है। उत्तर-पश्चिम भारत भी उन इलाकों में है, जहां गर्म दिनों का विस्तार वसंत की ओर ज्यादा हुआ है।

गर्मी एक ही तरह बढ़ रही है?

गर्मी के मौसम में यह बदलाव हर जगह एक जैसा नहीं है। पश्चिमी अमेरिका, पूर्वी चीन, उत्तरी अफ्रीका और पूर्वी यूरोप में अत्यधिक गर्मी का विस्तार पुराने गर्मी के मौसम के बाद यानी शरद ऋतु की ओर ज्यादा हुआ। इसके उलट पश्चिमी यूरोप, दक्षिणी अफ्रीका और उत्तर-पश्चिम भारत में वसंत की ओर गर्म दिनों का विस्तार ज्यादा देखा गया। पूर्वी रूस के कुछ हिस्सों में इसका उल्टा असर दिखाई दिया और वहां अत्यधिक गर्मी का मौसम छोटा हुआ।

अप्रैल और अक्टूबर की गर्मी कितनी मुश्किल

मौसम से बाहर पड़ने वाली अत्यधिक गर्मी स्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरनाक हो सकती है। अप्रैल में अचानक तेज गर्मी पड़ने पर शरीर अभी गर्म मौसम के लिए तैयार नहीं हुआ होता। दूसरी तरफ अक्तूबर तक गर्मी खिंचने पर शरीर कई महीनों की गर्मी के तनाव से पहले ही गुज़र चुका होता है। फॉनिक्स इसका एक उदाहरण है। 2024 में यहां लगातार 113 दिन तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। अक्तूबर में लगातार 21 दिन रिकॉर्ड गर्मी दर्ज हुई। इससे पता चलता है कि अत्यधिक गर्मी अब गर्मी के पारंपरिक महीनों तक सीमित नहीं रह गई है।

उत्तर-पश्चिम भारत के लिए यह बदलाव क्यों अहम है?

उत्तर-पश्चिम भारत उन क्षेत्रों में है, जहां अत्यधिक गर्म दिनों का विस्तार वसंत की ओर ज्यादा हुआ है। इसका मतलब है कि सामान्य गर्मी के मौसम से पहले ही तेज गर्मी वाले दिन बढ़ सकते हैं। अप्रैल में अचानक अत्यधिक गर्मी पड़ने पर शरीर को गर्म मौसम के अनुसार ढलने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। यही वजह है कि मौसम के सामान्य कैलेंडर से बाहर पड़ने वाली गर्मी स्वास्थ्य के लिहाज़ से ज़्यादा परेशानी पैदा कर सकती है। भारत जैसे देश में इसका असर लोगों की दिनचर्या के साथ खेती, पानी और गर्मी से बचाव की तैयारियों पर भी पड़ सकता है।